पातालकोट घाटी

स्रोत: PIB

छदिवाड़ा ज़िले (मध्य प्रदेश) के पातालकोट की सुदूर आदिवासी घाटी में **प्रथम स्वास्थ्य केंद्र** का उद्घाटन किया गया, जो **सरकारी सेवाओं की अंतिम छोर तक आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक** कदम है।

- **प्रधानमंत्री जनमन योजना, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान और आदि कर्मयोगी अभियान** जैसी केंद्र सरकार की पहलों से **सड़कों, आवास, पेयजल, बिजली और शिक्षा** में सुधार हुआ है।

पातालकोट घाटी

- यह **पहाड़ियों** से घिरी **79 वर्ग किलोमीटर** की एक **घोड़े की नाल के आकार** की घाटी है।
  - दूधी नदी (**नर्मदा नदी की सहायक नदी**) घाटी में प्रवाहित होती है।
  - यहाँ **गोंड और भारिया जनजातियाँ निवास** करती हैं, जिन्हें **विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूहों (PVTG)** के रूप में वर्गीकृत किया गया है।
- **भू-विज्ञान:** इस घाटी में **आर्कियन युग** (लगभग **2500 मिलियन वर्ष पुरानी**) की **प्राचीन चट्टानें** हैं। **चट्टानों की संरचना** में शामिल हैं:
  - ग्रेनाइट नीस, ग्रीन शिस्ट और क्वार्ट्ज।
  - गोंडवाना तलछट जैसे **संगठित बलुआ पत्थर, शेल्स, और कार्बनयुक्त शेल्स।**
  - **शैलजीत**, एक **मिश्रित कार्बन पदार्थ**, **ऊपरी क्षेत्रों** में पैच के रूप में पाया जाता है।
- **संस्कृति एवं पर्यटन: यह** पर्यटन और स्थानीय सहभागिता को बढ़ावा देने के लिये **अक्तूबर** में वार्षिक **सतपुड़ा साहसिक खेल महोत्सव** का आयोजन करता है।

और पढ़ें: प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/paatalkot-valley